## सार-समाचार

### हेमन्त पालीवाल बने जिलाध्यक्ष



**उदयपुर, (कासं)।** हेमन्त कुमार पालीवाल बने अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष बने। मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर परमार एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोज मोची के निर्देशन में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष पद पर हुए निर्वाचन में ग्राम विकास अधिकारी संघ से प्रतिनिधि हेमंत कुमार पालीवाल को निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुना। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष पालीवाल ने कहा कि किसी भी संगठन के सफलता हेतु सभी का साथ जरूरी है और इस संगठन का जो मांग पत्र है उसके अनुरूप सभी संगठनों का साथ लिया जाएगा एवं कर्मचारी हित में अपनी बात सरकार तक पहुंचाई जाएगी। निर्वाचन बैठक में राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान जिला अध्यक्ष सतीश जैन ,भेरूलाल नवीन व्यास, राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील से सभा अध्यक्ष धूलिराम, लक्ष्मी राम गुर्जर ,विजय कुमार, राजेंद्र कुमार सालवी, विनोद शर्मा, राजस्थान सहायक एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी संघ से हरि सिंह, गजराज मेनारिया अनिल श्रीमाली, राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ से शंकर लाल, हरीश सुथार, राजस्थान पटवार संघ से पंकज पालीवाल, राजस्थान भू निरीक्षक संघ से जयदेव रावत, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड कर्मचारी संघ से मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे। बैठक में संयुक्त महासंघ के पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम लाल आमेटा ने भी अपने विचार रखे।

### राष्ट्रीय बाल साहित्यकार सम्मेलन

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान साहित्य अकादमी एवं सलिला संस्था, सलूंबर के संयुक्त तत्वावधान में 15 वां राष्ट्रीय बाल साहित्यकार सम्मेलन -2024 विज्ञान समिति सभागार में देवपुत्र के संपादक गोपाल माहेश्वरी की अध्यक्षता में रश्मि वार्ष्णेय के मुख्य आतिथ्य एवं अहमदाबाद की कुमुद वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। मंचस्थ अतिथियों ने 'बाल साहित्य फलक पर अंतरिक्ष' विषय पर बीज वक्तव्य प्रस्तुत किए। शकुंतला सरुपरिया द्वारा प्रस्तुत ईश वंदना के बाद सलिला संस्था की अध्यक्ष एवं संयोजक डॉ.विमला भंडारी ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ विमला भंडारी ने कहा कि बाल साहित्य लेखन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नई पीढी की पौधशाला है। प्रथम सत्र उद्घाटन, लोकार्पण, पुरस्कार सम्मान एवं समीक्षा का रहा। साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए इंदौर के गोपाल माहेश्वरी, कोटा की प्रज्ञा गौतम, अहमदाबाद की मल्लिका मुखर्जी एवं मुंबई की पूनम अहमद को सलिला साहित्य रत्न सम्मान प्रदान किया। सम्मानित रचनाकारों ने अपने लेखकीय अनुभव के उद्बोधन से सबको लाभान्वित किया। इसके अलावा सलिल प्रवाह, बच्चों के ज्ञानवर्धक आलेख, मस्तानों की टोली, मधुबन की सरस कहानियां एवं बेटी की अभिलाषा पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। सत्र की अध्यक्षता डॉ जयप्रकाश पंड्या ज्योतिपुंज ने की। मुख्य अतिथि डॉ. लता अग्रवाल थीं। परिचर्चा में तरुण कुमार दाधीच एवं शकुंतला पालीवाल ने अपने विचार व्यक्त किये। संचालन प्रकाश तातेड ने किया। समीक्षा एवं समापन समारोह की अध्यक्षता डॉ मंजु चतुर्वेदी ने की। मुख्य अतिथि डॉ शील कौशिक एवं विशिष्ट अतिथि दिनेश पांचाल थे। डॉ मंजु चतुर्वेदी ने कहा कि बाल साहित्य की समीक्षा मानक मानदंड के अनुसार होनी चाहिए। बच्चों के ज्ञानवर्धक आलेख की समीक्षा डॉ इंदु गुप्ता ने, मधुबन की सरस कहानियां की समीक्षा डॉ. गोपाल राजगोपाल ने की। यशपाल शर्मा यशस्वी ने मस्तानों की टोली की समीक्षा की। समारोह में देश के विभिन्न हिस्सों से आए बाल साहित्यकारों ने भाग लिया। नगर के साहित्यकारों में डॉ गोपाल राजगोपाल, शकुंतला पालीवाल, किरण बाला किरन आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### पशुपालन विभाग परिसर का निरीक्षण

**उदयपुर, (कासं)।** पशुपालन, देवस्थान और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने रविवार को उदयपुर प्रवास के दौरान चेतक सर्कल स्थित पशुपालन विभाग परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार पशुपालन के प्रति सजग, सतर्क है एवं उनके उत्थान के लिए कटिबद्ध है। यही कारण हैं कि राज्य सरकार द्वारा पशुपालकों के हितार्थ विभिन्न प्रकार के कार्य कियान्वित किए जा रहे है। वर्तमान में टोल फ्री नम्बर 1962 के माध्यम से दूर दराज क्षेत्र के पशुपालकों के पशुओं के उचित उपचार, टीकाकरण, डीवर्मिंग जैसे सुविधाएं घर बैठे उपलब्ध कराई जा रही हैं। पशुपालन मंत्री कुमावत ने विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सोर्टेड सीमन के माध्यम से आदिवासी क्षेत्र के पशुपालको के पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान का कार्य कर उन्हें पूर्ण रूप से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। पशुपालन परिसर में उपचार के लिए लाए पशुओं के पशुमालिकों से विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। अतिरिक्त निदेशक डॉ. शरद अरोड़ा, उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी, डॉ. लज्जाराम मीणा, डॉ. सुरेश जैन, डॉ. ओम प्रकाश साहू डॉ. पदना मील, डॉ. सुरेश शर्मा, डॉ. बंसल आदि ने पशुपालन परिसर में पशुपालन विभाग द्वारा कियान्वित किए जा रहे कार्यों और योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। पशुपालन मंत्री ने पशुपालन विभाग परिसर में पौधरोपण किया।

### समसामयिक मुद्दों पर की चर्चा

**उदयपुर, (कासं)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने रविवार को ताज अरावली में सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स के साथ मुलाकात की।कार्यक्रम संयोजक दीपक प्रजापत ने बताया कि स्मृति ईरानी भारतीय प्रबंधन संस्थान, उदयपुर में गेस्ट फैकल्टी के रूप में क्लास लेने आई थीं। इस अवसर पर उन्होंने शहर के युवाओं के साथ देश और विश्व के समसामयिक मुद्दों पर गहन चर्चा की।स्मृति इरानी ने बताया कि नई शिक्षा नीति के निर्माण की शुरुआत उनके शिक्षा मंत्री के कार्यकाल में हुई थी। उन्होंने करीब दो दर्जन युवाओं से दो घंटे लंबा संवाद किया, जिसमें युवाओं की सकारात्मकता और ऊर्जा ने उन्हें अत्यधिक प्रेरित किया।स्मृति इरानी ने कहा कि युवाओं में ऊर्जा,उत्साह और नवीनता है,जो उन्हें दिन-रात मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है।स्मृति इरानी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत काल में आप सभी देश की आकांक्षाओं और सपनों के सच्चे प्रतिनिधि हैं। विकसित भारत के सबसे बडे लाभार्थी आप ही होंगे और इसे साकार करने की सबसे बडी जिम्मेदारी भी आपके कंधों पर है। इस दौरान संजय नागदा,दिनेश जोशी,मनन शर्मा,अर्जुन धनेरवा आदि मौजूद रहे।

### 'एक दीपक राष्ट्र के नाम'29 को

**उदयपुर, (कासं)।** प्रताप गौरव केन्द्र राष्ट्रीय तीर्थ में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में 'एक दीपक राष्ट्र के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष कार्यक्रम महाराणा प्रताप की स्मृति और उनके राष्ट्र प्रेम को समर्पित होगा। कार्यक्रम का आयोजन धनतेरस पर 29 अक्टूबर सायं 6 बजे प्रताप गौरव केन्द्र परिसर में किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से उपस्थित जनसमूह दीपावली के प्रथम दिन धनतेरस से प्रारंभ होने वाले इस महापर्व को राष्ट्र भक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की छत्रछाया में मनाएंगे। इस अवसर पर राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता और समर्पण भाव को प्रकट करते हुए राष्ट्र को समर्पित दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। संयोजक और प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने दीपावली के इस महापर्व को राष्ट्र प्रेम के साथ मनाने की अपील की है।

### 45 परिवारों को बांटी दीपावली की खुशियां

**उदयपुर, (कासं)।** सामाजिक संस्था जैन जागृति सेन्टर, उदयपुर की ओर से संचालित महनीय संपोषण योजना के 45 परिवारों के साथ सदस्यों ने मिठाई एवं दीए वितरित कर दीपावली की खुशिया मनाई। संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत के नेतृत्व में जेजेसी के अध्यक्ष सुधीर चित्तौड़ा, जीतो उदयपुर चेप्टर के अध्यक्ष यशवंत आंचलिया, अरूण मेहता, अभिषेक संचेती, नितिन लोढ़ा, राकेश नंदावत, राजेश भाणावत, ललित कोठारी, दिलीप कावडिया ने संपोषण योजना के 45 लाभार्थी परिवारों के घर-घर जाकर उनकी कुशक्षेम पुछते हुए दीपावली की शुभकामनाएं अर्पित की।

# 'सरस डेयरी के उत्पादों की बाजार व ग्रामीण क्षेत्रों में बनी पहचान'



किसान मिल्क पार्लर का उद्घाटन करते अतिथिगण।

**उदयपुर, (कासं)।** रविवार को उदयपुर कृषि उपज मंडी मे सरस के नये किसान मिल्क पार्लर का जोराराम कुमावत, पशुपालन, देवस्थान एवं गौपालन मंत्री, राजस्थान सरकार के कर कमलों से उदयपुर कृषि उपज मंडी परिसर मे रविवार को किसान मिल्क पार्लर का उद्घाटन किया।

दुग्ध संघ, उदयपुर के अध्यक्ष डाल चंद डांगी एवं संघ के प्रबंध संचालक विपिन शर्मा ने किसान मिल्क पार्लर के उदघाटन के दौरान जोराराम कुमावत, पशुपालन, देवस्थान एवं गौपालन मंत्री, राजस्थान सरकार एवं अन्य अतिथियों स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुये डाल चंद डांगी ने बताया कि काफी समय से काश्तकारों, पशुपालकों एवं व्यापारियों की मांग को ध्यान मे रखते हुये सरस डेयरी द्वारा किसान मिल्क पार्लर स्थापित किया है। इससे उदयपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले काश्तकारों, पशुपालकों, स्थानीय उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों को काफी सुविधा होगी।

■ विधायक ताराचंद जैन ने आज के समय मे दुग्ध उत्पादन को ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की आय का सशक्त माध्यम बताया

समारोह को संबोधित करते हुये मंत्री ने कहा कि आज सरस डेयरी के उत्पादों की बाजार एवं ग्रामीण क्षेत्रो मे अच्छी पहचान बन गई है एवं दिनो दिन इनकी बाजार मे मांग बढती जा रही है। उन्होनें कहा चूंकि ग्रामीण क्षेत्रों मे पशुपालन का ज्यादा कार्य महिलाओं द्वारा किया जाता है इसलिये इस व्यवसाय मे महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये ज्यादा से ज्यादा महिला दुग्ध समितियां गठित की जावें। गोपालन मंत्री ने दुग्ध उत्पादकों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार द्वारा मुख्समंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजनांतर्गत दी जा रही रू. 5 प्रतिलीटर की सब्सिडी लगातार जारी रहेगी, इसलिये ज्यादा से ज्यादा से दुग्ध उत्पादक सरस सहकारी डेयरी से जुड़कर इस योजना का लाभ प्राप्त करे।

सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने सरस डेयरी के उत्पादों की सराहना की। शहर विधायक ताराचंद जैन ने आज के समय मे दुग्ध उत्पादन को ग्रामीण क्षेत्र के लोगो की आय का सषक्त माध्यम बताया एवं ज्यादा से ज्यादा किसानों को डेयरी व्यवसाय से जुडने के लिये कहा। ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने अपने उदबोधन मे किसान मिल्क पार्लर को शहर का केन्द्र बिन्दु एवं ग्रामीण एवं शहरी उपभोक्ताओं के लिये लाभकारी बताया। वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी ने समारोह को संबोधित करते हुये वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र मे भी डेयरी कार्यकलापों का विस्तार करने के लिये कहा। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर ने बताया कि सहकारिता को और मजबूत करने के उद्देष्य से भारत सरकार द्वारा पहली बार पृथक से सहकारिता मंत्रालय बनाया गया है।समारोह मे रविन्द्र श्रीमाली, पूर्व सभापति, शांतिलाल मेघवाल, पूर्व जिला प्रमुख, नाहर सिंह जोधा, तख्त सिंह शक्तावत, पूर्व प्रधान, चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, सहकारी विभाग के अतिरिक्त रजिस्ट्रार, पी पी मांडोत, उप रजिस्ट्रार हरीश सिवासिया, पशुपालन एवं कृषि विभाग के अधिकारी, संघ के सभी अनुभाग अधिकारी एवं स्टाफ, सरस एजेन्टस, कृषि मंडी व्यापारी एवं बडी संख्या मे दुग्ध उत्पादक एवं किसान उपस्थित थे।

# दीपावली पर आमजन को नहीं हो असुविधा : गुप्ता

**उदयपुर, (कासं)।** स्थाई एवं अनवरत लोक अदालत जिला झुंझुनू द्वारा निकाय झुंझुनू, नवलगढ और मंडावा के लिए नियुक्त न्याय मित्र के के गुप्ता ने तीनों निकायों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं कि दीपावली त्यौहार के अवसर पर आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं रहनी चाहिए। नगर के प्रमुख पर्यटक स्थलों सहित धार्मिक स्थानो को भी को दीपावली पर आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया जाए।

न्याय मित्र गुप्ता ने तीनों निकाय के जिम्मेदार अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि नगर में स्वच्छता के कार्यों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं रखी जाएं। प्रतिदिन नियमित रूप से प्रत्येक घर से कचरा एकत्र किया जाए और नगर के प्रत्येक वार्ड और गली में नियमित सफाई होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त नगर के प्रमुख मार्गो पर भी साफ सफाई करने के लिए रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था की उचित मॉनिटरिंग रखी जाएं। नगर में विचरण करने वाले बेसहारा पशुओं को पकडकर निर्धारित स्थान कांजी हाउस में रखा जाए। नगर में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रहनी चाहिए इसके लिए अतिक्रमण निरोधक दल द्वारा पूरी मुस्तेदी के साथ अपना दायित्व निभाया जाए।

न्याय मित्र गुप्ता ने तीनों निकाय के अधिकारियों को यह भी आदेश जारी किए हैं कि निकायो के सफाई शाखा से जुडे हुए सभी स्थाई और अस्थाई कर्मचारी के वेतन राशि बकाया नहीं रखते हुए दीपावली पर्व ही समस्त भुगतान कर दिए जाएं। सफाई कर्मचारी स्वच्छ भारत मिशन में अपनी भागीदारी निभाने वाला सबसे प्रथम पंक्ति का कर्मचारी होता है। सफाई कर्मचारी को स्वच्छता ग्राही भी माना जाता है जो गलियों की छोटी-छोटी नालियों से लेकर बडे-बडे नालो तक में उतरकर सफाई करता है वही रात भर भी अपनी ड्यूटी देकर प्रमुख सडकों को स्वच्छता से चमकाता है। न्याय मित्र गुप्ता ने बताया कि दीपावली त्यौहार के कुछ दिन बाद ही उनके द्वारा नगर परिषद झुंझुनूं, नगर पालिका मंडावा और नगर पालिका नवलगढ में स्वच्छ भारत मिशन से जुडे हुए कार्यों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही जनता की शिकायतों को भी प्राप्त करके निस्तारण किया जाएगा। स्वच्छता के कार्यों में लापरवाही रखने वाले अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की अनुशंसा भी की जाएगी। न्याय मित्र गुप्ता ने कहा कि दीपावली के अवसर पर लोगों द्वारा अपने घर में सफाई अभियान चलाया जाता है।

## बंदियों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी ने मन मोहा

**उदयपुर, (कासं)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश गुप्ता के निर्देशन में दशहरा-दीपावली मेले में महिला बंदी सुधार गृह उदयपुर की ओर से प्रदर्शनी लगाई गई है।

प्रभारी दिव्या चौधरी की पहल पर महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी के प्रति मेलार्थियों का आकर्षण बरकरार है। चौधरी ने बताया कि इस प्रदर्शनी में फूलों से बनी आर्गेनिक अगरबत्तियां, मुरब्बा, अचार, मिट्टी के दीपक, रोटी कवर, बैग, पोटलिया, पाउच आदि के प्रति मेलार्थियों का विशेष आकर्षण देखा जा रहा है।

प्रभारी दिव्या चौधरी ने बताया कि महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उत्पाद तैयार कराने में राकेश सोमानी, राधिका सोमानी, मधु मेघवाल सहित स्टाफ सहयोग रहा है।

## औदिच्य सलूंबर उपचुनाव प्रभारी

**उदयपुर, (कासं)।** आगामी 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में किसान कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सत्यवीर यादव ने सलूंबर उपचुनाव के लिए उदयपुर देहात जिला कांग्रेस के दिनेश औदिच्य को प्रभारी बनाया है। दिनेश औदिच्य सलूंबर विधानसभा क्षेत्र के कृषक वर्ग में कांग्रेस प्रत्याशी के लिए काम करेंगे और कांग्रेस की रीति नीतियों का प्रचार कर उपचुनाव में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने का काम करेंगे।

# चयन ट्रायल कैम्प का समापन

**उदयपुर, (कासं)।** गुरुकुल डिफेंस एकेडमी में तीन दिवसीय ट्रायल कैम्प का समापन रविवार को हुआ। कैम्प में रक्षा सेवाओं में जाने के इच्छुक युवक-युवतियों ने खासा उत्साह दिखाया। मेवाड़ वागड, मेवल और गोडवाडा क्षेत्र से बडी संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे।

एकडेमी निदेशक दिनेश माली ने बताया कि कर्नल रजत त्यागी, सूबेदार जेपी त्यागी, काउंसलर डॉ रजनी त्यागी, सूबेदार भंवर सिंह, नरसिंह सिंह, बीएसएफ के सुनील सिंह कैम्प ने पहुंचे युवक युवतियों की ट्रायल ली। ट्रायल में 25 अक्टूबर को 28, 26 को 38 तथा अंतिम दिन रविवार को 114 युवक-युवतियों ने भाग लिया। अभ्यर्थियों को 1600 मीटर दौड, लॉन्ग जंप व अन्य आवश्यक गतिविधियां करवाई गई एवं सभी का मेडिकल चेकअप किया गया। कुल 180 अभ्यर्थियों में से 9 अभ्यर्थी ट्रायल में फेल हुए बाकी 171 योग्य का चयन किया गया। उक्त अभ्यर्थियों की विधिवत मार्गदर्शन ट्रेनिंग 18 नवम्बर से प्रारंभ होगी। इससे पूर्व 8 से 17 नवंबर तक बुधल, लालपुर स्थित गुरूकुल परिसर में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया होगी। ट्रेनिंग में भारतीय सेना, अग्नि वीर, अर्ध सैनिक बल, भारतीय पुलिस और राजस्थान पुलिस को लेकर शारीरिक ओर मेडिकल ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग प्राप्तकर्ता अभ्यर्थियों को भर्ती निकलने पर गुरुकुल डिफेंस अकादमी द्वारा निशुल्क फॉर्म भरवा जाएंगे।

# जाह्नवी आमेटा बनी मिस फ्रेशर

**उदयपुर, (कासं)।** माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी कन्या महाविद्यालय एवं जीबीएच जनरल हॉस्पिटल बेडवास के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।

निदेशक डॉ गुणबाला आमेटा ने बताया कि शिविर के सफल आयोजन में कुलपति प्रो कर्नल एस एस सारंगदेवोत , जीबीएच अमेरिकन के प्राचार्य व कैंप सहसंयोजक विवेक अग्रवाल, कुलप्रमुख भंवर लाल गुर्जर का मुख्य सान्निध्य रहा तथा उन्होंने कहा कि शिविर में करीब 40 विद्यार्थियों की

■ स्वास्थ्य जांच परीक्षण व फ्रेशर पार्टी का आयोजन

विशेषज्ञो द्वारा ब्लड प्रेशर ,बीएमआई ,ब्लड टेस्ट, आंखों की जांच की गई।इसके अतिरिक्त ब्रेस्ट कैंसर ,सर्वाइकल कैंसर, एवं मेंटल हेल्थ अवेयरनेस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर डॉ संगीता तिवारी, डॉ शिल्पा काकानी, डॉ आलिया गोजवारी द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों की स्वास्थ्य संबंधी शंकाओं व जिज्ञासाओं का भी निवारण किया गया। समस्त संकाय सदस्य सहित डॉ प्रेरणा भाटी, डॉ प्रतिभा शर्मा ,डॉ विक्रम सिंह चुंडावत, डॉ विनीता श्रीमाली एवं डॉ. प्रीति अग्रवाल प्रमुख सहयोगी रहे।



कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया।

इधर साथ ही डबोक स्थित जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विवि के संघटक माणिक्य लाल वर्मा श्रमजीवी कन्या महाविद्यालय में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, अध्यक्षता कुलपति जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ कर्नल प्रो एस. एस. सारंगदेवोत ने की। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य डॉ अपर्णा श्रीवास्तव ने दिया।

इस अवसर पर कुलप्रमुख भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि बालिका उन्नयन क्षेत्र में स्थापित यह महाविद्यालय इस क्षेत्र की छात्राओं को एक वरदान के रूप में मिला जो छात्राएं शहर तक नहीं जा सकती थी और शिक्षा से वंचित रह जाती थी उन्हें यहां उच्च शिक्षा लेने का अवसर देने की दृष्टि से इसकी स्थापना की।

इस अवसर पर प्रो सारंगदेवोत ने कहा कि कोई भी महाविद्यालय विद्यार्थियों की संख्या से नहीं, बल्कि वहां पढ रहे विद्यार्थियों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से तथा उनमें विकसित हुए कौशल एवं भविष्य निर्माण से जाना जाता है। फ्रेशर पार्टी में छात्राओं ने बढ चढकर हिस्सा लिया। इस आयोजन में जाह्नवी आमेटा बी.एस.सी प्रथम वर्ष की छात्रा मिस फ्रेशर चुनी गई। इस अवसर पर प्रो सरोज गर्ग, संकाय सदस्य डॉ. रेखा कुमावत, डॉ. मान सिंह चुंडावत, कैलाश आमेटा, डॉ शहनाज पठान, जगदीश सालवी,गीतांजलि पालीवाल आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ.नीति पालीवाल , धन्यवाद डॉ.सीमा धाभाई ने दिया।

## सार-समाचार

### तलरेजा को राष्ट्र भारती सेवा सम्मान

**उदयपुर,(कासं)।** पूर्व सांसद् स्व. भानुकुमार शास्त्री के जन्म शताब्दी वर्ष के शुभारंभ पर रविवार को राष्ट्र भारती एकेडमी द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में 558 रोगियों का परीक्षण कर निदान किया गया। समारोह में राष्ट्र भारती एकेडमी की संस्थापिका राजकुमारी जोशी की स्मृति में उल्लेखनीय सेवाओं के लिये प्रतिवर्ष प्रदान किया जाने वाला राष्ट्र भारती सेवा सम्मान वर्ष 2024 में समाजसेवी व उद्योगपति भीमनदास तलरेजा को प्रदान किया गया। ज्ञातव्य है कि अब तक यह सम्मान डॉ जे.के छापरवाल,डॉ.रेणु खमेसरा, पूर्व पार्षद प्रभुदास पाहुजा व साहित्यकार डॉ. महेन्द्र भाणावत को प्रदान किया जा चुका है। संस्था के सचिव भंवरलाल शर्मा ने बताया कि सेक्टर 14 स्थित राष्ट भारती एकेडमी परिसर में बेणेश्वर धाम के पीठाधीश्वर अच्युतानंद महाराज व गोपाल आश्रम बडीसादडी के महंत सुदर्शनाचार्य महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया । इस अवसर पर राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, कोटा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.सी. सोडानी,राज्यसभा सांसद् चुन्नीलाल गरासिया,पूर्व मंत्री व निम्बाहेडा विधायक श्रीचंद कृपलानी, उदयपुर विधायक ताराचंद जैन,ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, सहाडा के पूर्व विधायक डॉ बी.आर.चौधरी प्रमुख अतिथि थे। प्रारंभ में संस्थापक धर्मनारायण जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया।

### नकदी चोरी करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर,(कासं)।** दिनदहाडे सूरजपोल थाना क्षेत्र में स्थित दुकान से नकदी चोरी करने वालो को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार सूरपोल थाना क्षेत्र कोलीवाड़ा स्थित कृष्णा पेपर के राजकुमार अठावाल पुत्र राधेश्याम अग्रवाल ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 24अक्टूबर दोपहर में मैं लघुशंका करने गया। इस दौरान अज्ञात चोर गल्ले से 88 हजार रूपये नकदी चुरा ले गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित के सुपरविजन में सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह के नेतृत्व में अनुसंधान अधिकारी एएसआई ओमवीर सिंह मय टीम ने ऑटो चालक किशनपोल रजानगर सूरजपोल निवासी फिरोज खान उर्फ सोनी पुत्र बाबू खान को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी की गई नकदी बरामद की।

### सूने मकान से सामान चोरी

**उदयपुर,(कासं)।** अम्बामाता थाना क्षैत्र में स्थित गोदाम से चोर सामान चुरा ले गए। अन्यत्र प्रतापरगर थाना क्षैत्र में सूने मकान से चोर सामान चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मनीष साहू पुत्र नारायण साहू निवासी तेलीवाडा ने अंबामाता पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मैं साउण्ड का काम करता हूं। मेरा रामपुरा हर्षनगर में गोदाम है। 2 सितंबर को अज्ञात चोर गोदाम का ताला तोड़ कर साउण्ड सिस्टम चुरा ले गए। इस मामले में परिवाद देने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जिसकी जांच हेडकांस्टेबल मेहेन्द्रसिंह कर रहे है। इसी तरह शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र हिरणमगरी सेक्टर 6 बप्पारावल नगर निवासी केशवलाल पुत्र रामलाल की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जिसमें पीडित ने बताया कि 24 अक्टूबर को मकान सूना था। इस दौरान ताला तोड़ कर चोर सामान चुरा ले गए।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर,(कासं)।** विवाहिता के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी हरीश पुत्र शंकर रावत निवासी रानी डूंगला खेरोदा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि 9 जुलाई को मैं काम से जा रही थी। आरोपी ने पकड कर मेरे साथ अश्लील हरकतें की । इसका विरोध कर चिल्लाने पर मुंह दबा झाडियों की तरफ ले गया। जहां उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### रुपए मांग वाली महिला गिरफ्तार

**उदयपुर,(कासं)।**फलासिया थाना पुलिस ने हनीट्रेप जरिये व्यापारी से लाखों रूपये मांगने वाली महिला को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नैत्रपाल सिंह के सुपरविजन में फलासिया थानाधिकारी सीताराम मय टीम ने फलासिया के व्यापारी को हनीट्रेप में फंसा कर उससे 40 लाख रूपये मांगने के मामले में आरोपी महिला को गिरफ्तार किया।

# उपचुनाव में भाजपा सातों सीटों पर जीतेगी : कृपलानी

**उदयपुर, (कासं)।** पूर्व मंत्री एवं निंबाहेडा विधायक श्रीचंद्र कृपलानी ने कहा कि प्रदेश में होने जा रहे उपचुनाव में भाजपा सातों सीटों पर जीतेगी,उनमें सलूम्बर और चौरासी भी शामिल है । सलूम्बर में पिछले चुनाव से भी अधिक मतों से जीतने का दावा भी किया।

कृपलानी रविवार को यह भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए आगामी दिनों में होने वाले सलूंबर विधानसभा चुनाव के संबंध में उपस्थित मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने पूर्ववती कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए झूठे वादों को प्रमुखता से गिनाते हुए जिनमें प्रमुख रूप से राहुल गांधी द्वारा किया गया ऋण माफी का वादा,स्टेट हाईवे 32 को नेशनल हाईवे से जोडना,जयसमंद झील हेतु डीपीआर बनवाना आदि का जिक्र किया, साथ ही वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा सलूंबर विकास हेतु माही नदी का अधिशेष जल जाखम बांध के माध्यम से जयसमंद झील में लाने के लिए 7000 करोड एवं माही व सोम नदी के अधिशेष पानी को भी जयसमंद में लाने हेतु 7100 करोड का प्रावधान करने हेतु मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया,डीएमएफटी फंड से सडक, पुलिया एवं विद्यालयों में कक्ष बनाने के लिए बजट प्रावधान का उल्लेख किया,विद्युत व्यवस्था,पर्यटन विकास, जिले का सीमांकन में विस्तार की जानकारी प्रदान दी।

सलूंबर विधानसभा भाजपा द्वारा विजयी होने का दावा किया। पूछे जाने पर कृपलानी ने कहा कि भाजपा में कोई फूट नहीं है,सभी कार्यकर्ता भाजपा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं यह सिर्फ विपक्ष द्वारा फैलाया गया भ्रम है, बाप पार्टी के प्रभाव पर कहा कि क्षेत्र के सभी युवा भाजपा के साथ है।

सरकार की भावी योजनाओं को बताते हुए उन्होंने कहा कि उदयपुर सलूंबर बांसवाडा रतलाम को नेशनल हाईवे घोषित कर फोरलेन बनाने का काम किया जाएगा। महाराणा प्रताप स्मारक चावंड हाडा रानी महल विश्व प्रसिद्ध जयसमंद झील का पर्यटन की दृष्टि से सर्किट का विकास किया जायेगा। जयसमंद झील के नीचे वाले भाटफॉर्म क्षेत्र में निवासरत काश्तकारों कि भूमि को कांग्रेस सरकार द्वारा बेदखल करने के आदेश को निरस्त करा उन्हें राहत देने का काम किया जाएगा।

प्रेस वार्ता में उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा,वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी नाहर सिंह जोधा, शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली, देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान,सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, प्रदेश प्रवक्ता विकास बारहेट, देहात जिला उपाध्यक्ष कैलाश गांधी,संभागीय मीडिया प्रभारी चंचल अग्रवाल , मीडिया सह प्रभारी अशोक आमेटा आदि उपस्थित थे।

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India
तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तीसरी मंजिल, मेट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर-302004
फोन : 0141-265811, 2657989, 2657926, 2657921, ई-मेल: sbi.18184@sbi.co.in
परिशिष्ट-IV [ नियम 8(1) ]

**अचल सम्पत्ति के लिए कब्जे का नोटिस**

जबकि,
अधोहस्ताक्षरकर्ता , भारतीय स्टेट बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का संख्यांक 3) की धारा 13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणी श्रीमती मोहनी देवी खोईवाल पत्नी श्री दिनेश चन्द्र खोईवाल एवं गारंटर श्री दिनेश चन्द्र खोईवाल पुत्र श्री प्रभु लाल खोईवाल को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित 26.03.2024 रुपये 29,08,907.00 (रुपये उनतीस लाख आठ हजार नो सौ सात मात्र) दिनांक 25.03.2024 तक + ब्याज एवं दिनांक 26.03.2024 से अन्य खर्चो को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिए निर्गमित किया गया था।
ऋणी के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणी एवं आम जनता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य दिनांक 22 माह अक्टूबर वर्ष 2024 को ग्रहण कर लिया है।
ऋणी को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई व्यवहार रुपये 31,33,050.00 (रुपये इकत्तीस लाख तैंतीस हजार पचास मात्र) दिनांक 21.10.2024 तक (दिनांक 21.10.2024 तक का ब्याज शामिल) एवं अतिरिक्त ब्याज, लागत व व्यय के लिए भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अधीन होगा।
''प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में ऋणी का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।''

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

श्रीमती मोहनी देवी खोईवाल पत्नी श्री दिनेश चन्द्र खोईवाल के नाम सम्पत्ति के समस्त भाग जिसमें प्लॉट नं. 95, गांव - रोलाहेड़ा, पट्टा नं. 001769 दिनांक 29.12.2021, खसरा नं. 463/1, 464/1, 465/1, 469/1, 469/2, 463 एम., 464 एम., 465 एम., 469 एम. जो कि तहसील एवं जिला - चित्तौड़गढ़, राजस्थान में स्थित है। क्षेत्रफल 1969 वर्ग फीट है।
सीमाएँ :- पूर्व : प्लॉट नं. 96, पश्चिम : रास्ता, उत्तर : रास्ता, दक्षिण : प्लॉट नं. 94
दिनांक : 22.10.2024, स्थान : जयपुर (राज.) प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक